**Booklet Serial No.**

पुस्तिका शृंखला

**P**

# 22/AE/CM/M–2024-02

## प्रश्न–पुस्तिका

## सामान्य हिन्दी

## पत्र – II

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**समय : 01 घण्टा** **पूर्णांक : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल **50** प्रश्न हैं ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको उत्तर पत्रक प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिया गया है । **अपने उत्तर पत्रक के निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक लिखें एवं कूटबद्ध करें तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा ।**
5. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न–पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि प्रश्न पुस्तिका के ऊपर बायीं ओर मुद्रित शृंखला एवं उत्तर पुस्तिका पर मुद्रित शृंखला समान है । कृपया यह भी जाँच लें कि पुस्तिका में रफ कार्य हेतु दो पृष्ठ (पृष्ठ सं. 11 और 12) सहित पूरे 12 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ या प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पुस्तिका में मुद्रित शृंखला में अन्तर तो नहीं है । पुस्तिका एवं संलग्न उत्तर पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. पत्रिका ले लें ।**
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें । प्रश्न–पुस्तिका पर और कुछ न लिखें ।
7. इस प्रश्न–पुस्तिका में सभी प्रश्न और उनके उत्तर हिन्दी में मुद्रित हैं । प्रत्येक प्रश्न के **चार** उत्तर — (A), (B), (C) और (D) क्रम पर दिये गये हैं । उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें । यदि आपको ऐसा लगे कि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर सही हैं, तो आप अपने उत्तर पत्रक में उस उत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्न के लिए **केवल एक** ही उत्तर चुनना है । आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर होगा ।
8. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **चार** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं — Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ और Ⓓ । प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** वृत्त को **काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन** से चिह्नित करना है । प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें । आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा । **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल–पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें । किसी भी प्रकार का काट–कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है ।**
9. प्रश्न–पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है । प्रश्न–पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा की अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें । **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें ।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है ।
10. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है ।
11. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष को छोड़ें ।

P

**निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 5 तक) :** निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द दिए गए चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**1.** वीर

(A) अवीर

(B) कमज़ोर

(C) डरपोक

(D) कायर

**2.** जारज

(A) संकर

(B) विजाति

(C) औरस

(D) अजारज

**3.** क्रोध

(A) दया

(B) क्षमा

(C) शांति

(D) कृपा

**4.** आकाश

(A) व्योम

(B) पाताल

(C) धरती

(D) क्षितिज

**5.** निर्लज्ज

(A) सलज्ज

(B) शर्मीला

(C) लज्जावान

(D) संकोची

**निर्देश (प्रश्न संख्या 6 से 15 तक) :** निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों के लिए दिए गए चार विकल्पों में से शुद्ध वाक्य वाले विकल्प को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**6.** प्रेमचंद ने पर्याप्त मात्रा में कहानी और उपन्यास लिखे ।

(A) प्रेमचंद ने पर्याप्त संख्या में कहानी और उपन्यास लिखीं ।

(B) प्रेमचंद ने मात्रा पर्याप्त में कहानी और उपन्यास लिखे ।

(C) प्रेमचंद ने पर्याप्त मात्रा में कहानी और उपन्यास लिखा ।

(D) प्रेमचंद ने पर्याप्त संख्या में कहानी और उपन्यास लिखे ।

7. यह लोग कहाँ रहते हैं ?

(A) रहते हैं कहां यह लोग ?

(B) ये लोग कहाँ रहते हैं ?

(C) कहां रहते हैं ये लोग ?

(D) ये लोग रहते कहाँ हैं ?

8. हमारे उपर पूज्यनीय पिताजी का आर्शीवाद है ।

(A) हमारे ऊपर पूजनीय पिताजी का आर्शिवाद है ।

(B) मेरे ऊपर पूजनीय पिताजी का आशीर्वाद है ।

(C) मेरे ऊपर पूज्यनीय पिताजी का आशीर्वाद है ।

(D) मेरे पर पूज्य पिताजी के आशीर्वाद हैं ।

9. श्याम की माँ भारी दु:खी है ।

(A) श्याम की मां काफ़ी दु:खी हैं ।

(B) श्याम की माँ कुछ ज्यादा ही दुखी है ।

(C) श्याम की माँ घनघोर दु:खी है ।

(D) श्याम की माँ बहुत दु:खी है ।

10. यद्यपि वह पढ़ा लिखा है, परन्तु मूर्खता के कार्य करता है ।

(A) यद्यपि वह पढ़ा लिखा है लेकिन मूर्खता का कार्य करता है ।

(B) यद्यपि वह पढ़ा लिखा है फिर भी मूर्खता के कार्य करता है ।

(C) यद्यपि वह पढ़ा लिखा है तथापि मूर्खता का कार्य करता है ।

(D) यद्यपि वह पढ़ा लिखा है किंतु मूर्खता का कार्य करता है ।

11. वे सब काल–चक्र के पहिये के नीचे पिस गये ।

(A) पिस गए वे सब काल–चक्र के पहिया से ।

(B) वे सब काल–चक्र के नीचे पिस गये ।

(C) सब वे काल–चक्र के पहिये से पिस गए ।

(D) वे सब कालचक्र के पहिये के नीचे दब गये ।

12. आपकी दही बहुत खट्टी है ।

(A) आपकी दही बड़ी खट्टी है ।

(B) दही आपकी बहुत खट्टी है ।

(C) आपका दही बहुत खट्टा है ।

(D) आपका दही बहुत खट्टी है ।

13. आपके एक-एक शब्द तुले हुए थे ।

(A) आपका एक-एक शब्द तूला हुआ था ।

(B) आपके एक-एक शब्द तुले हुऐ थे ।

(C) आपकी एक-एक शब्द तुला हुआ था ।

(D) आपका एक-एक शब्द तुला हुआ था ।

14. उसे कह दो कि भाग जाय ।

(A) कह दो उसे कि भाग जाय ।

(B) भाग जाय कह दो उससे ।

(C) उससे कह दो कि भाग जाय ।

(D) कहो उसे कि भाग जाय ।

15. साहित्य और जीवन का घोर संबंध है ।

(A) साहित्य और जीवन का घनिष्ठ संबंध है ।

(B) साहित्य और जीवन का घनिष्ट संबंध है ।

(C) साहित्य और जीवन का घनघोर संबंध है ।

(D) साहित्य और जीवन का विकट संबंध है ।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 16 से 20 तक) :** निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों के लिए दिये गये चार विकल्पों में से कोई एक शुद्ध शब्द चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

16. चारदीवारी

(A) चारदीवार

(B) चाहारदिवारी

(C) चारदिवारी

(D) चहारदीवारी

17. पांचवां

(A) पांचवाँ

(B) पाँचवाँ

(C) पाँचवा

(D) पाँचवां

18. प्रज्ज्वलित

(A) प्रज्वलित

(B) प्रज्वलीत

(C) प्रज्ज्वलीत

(D) प्रज्ज्वलित्

19. पुरष्कार

(A) पुरुष्कार

(B) पुरषकार

(C) पुरस्कार

(D) पुरसकार

20. प्रमाणिक

(A) प्रामाणिक

(B) परमाणिक

(C) प्रामणिक

(D) प्रामाणीक

**निर्देश (प्रश्न संख्या 21 से 25 तक) :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए चार विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करके उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

जो पुरुष फल की कामना रखकर काम आरंभ करते हैं, उन्हें फल जब निकट होता है, तब उनका उत्साह बढ़ जाता है और जब उन्हें फल दूर ज्ञात होता है तब उनका उत्साह कम हो जाता है । इस प्रकार उनके उत्साह में निरंतर अंतर आता रहता है । इसके विपरीत जो पुरुष फल की इच्छा न रखकर केवल काम करने को ही अपना कर्त्तव्य मानकर काम करने में जुट जाते हैं, उन्हें अपनी असफलता पर कोई दु:ख नहीं होता और इस प्रकार उनके उत्साह में कोई अंतर नहीं आता और वह सदा एक-सा रहता है । इसलिए जब फल को चाहने वाले व्यक्ति को असफलता मिलती है तब वह दु:खी होता है और कर्म करने को ही अपना कर्त्तव्य मानकर कर्म करने वाले उत्साही को असफलता मिलती है, वह दु:खी नहीं होता और केवल उसकी वही दशा हो जाती है जो काम आरंभ करते समय थी । इस प्रकार यह निष्कर्ष निकलता है कि दूसरे प्रकार के मनुष्यों का उत्साह ही सच्चा उत्साह है और पहले प्रकार के मनुष्यों का उत्साह वास्तविक उत्साह नहीं है, वह भी एक प्रकार का लोभ कहा जा सकता है । जिस प्रकार लोभी मनुष्य को अपने उद्देश्य के न प्राप्त होने पर दु:ख होता है, उसी प्रकार इन लोगों को भी असफल होने पर दु:ख की प्राप्ति होती है । अत: इस उत्साह को लोभ कहना ही उचित है ।

21. किन लोगों को अपनी असफलता पर दु:ख **नहीं** होता ?

(A) जो फल की कामना से काम करते हैं

(B) जो मनोरंजन के लिए काम करते हैं

(C) जो कर्त्तव्य भाव से काम करते हैं

(D) जो मज़बूरी में काम करते हैं

**22.** सफल या असफल होने पर किसके उत्साह में कोई अंतर **नहीं** आता

(A) मेहनती मनुष्य में

(B) सच्चे उत्साही में

(C) लोभयुक्त उत्साही में

(D) फलासक्त उत्साही में

**23.** उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा

(A) उत्साह

(B) कर्म और लोभ

(C) कर्त्तव्य

(D) असफलता और सफलता

**24.** उद्देश्य की प्राप्ति न होने पर कौन दु:खी होता है ?

(A) मेहनती मनुष्य

(B) उत्साही मनुष्य

(C) आलसी मनुष्य

(D) लोभी मनुष्य

**25.** फल निकट आने पर किसका उत्साह बढ़ जाता है ?

(A) जो उत्साह से काम करते हैं

(B) जो बेमन से काम करते हैं

(C) जो कर्मासक्त भाव से काम करते हैं

(D) जो फल की कामना से काम करते हैं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 26 से 30 तक) :** निम्नलिखित मुहावरों के लिए चार विकल्पों में से अर्थ की दृष्टि से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**26.** दाई से पेट छिपाना

(A) मूर्ख बनाकर ठग लेना

(B) बड़ों से गरीबी छिपाना

(C) क्रोध रोक लेना

(D) जानकार से बात छिपाना

**27.** कुछ उठा न रखना

(A) जिम्मेदारियाँ पूरी कर लेना

(B) कोई कसर न छोड़ना

(C) विपत्ति में पड़ना

(D) घटिया काम करना

**28.** अपना उल्लू सीधा करना

(A) अपना मतलब निकालना

(B) अपनी दशा से संतुष्ट रहना

(C) अपनी ही बातें करना

(D) केवल अपना सहारा लेकर जीना

**29.** कन्नी काटना

(A) धोखा देना

(B) कतराकर निकल जाना

(C) अड़चनें पैदा करना

(D) सब भेद खोल देना

**30.** उँगली उठाना

(A) निंदा करना

(B) व्यर्थ की बातें करना

(C) इशारा करना

(D) विरोध प्रकट करना

**निर्देश (प्रश्न संख्या 31 से 40 तक) :** निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में रेखांकित शब्द से अर्थ की दृष्टि से सबसे उपयुक्त विकल्प वाले शब्द का चयन करके उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**31.** ऊधौ तुम तौ अति बड़भागी ।

(A) भगोड़ा

(B) अभागा

(C) भाग्यवान

(D) मर्यादावान

**32.** भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही ।
बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही ।।

(A) क्षत्रियों को

(B) संन्यासियों को

(C) ब्राह्मणों को

(D) राक्षसों को

**33.** जिसके अरुण-कपोलों की मतवाली सुंदर छाया में । अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में

(A) संध्या वेला

(B) विरहिणी सुबह

(C) प्रेम भरी गोधूली

(D) प्रेम भरी भोर

**34.** तुम मुझे पाए नहीं पहचान ?

देखते ही रहोगे अनिमेष !

(A) एकटक देखना

(B) मुस्कुराकर देखना

(C) पलकें झुका कर देखना

(D) लज्जापूर्वक देखना

**35.** जौ खग हौं तो बसेरो करौं मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन ।

(A) यमुना

(B) खानदान

(C) तट

(D) सम्पूर्ण

**36.** अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी ।

(A) अलिप्त

(B) रसयुक्त

(C) लिप्त

(D) बंधन

**37.** सुनहु राम जेहिं सिवधनु तोरा ।

सहसबाहु सम सो रिपु मोरा ।।

(A) संबंधी

(B) शत्रु

(C) लक्ष्य

(D) मित्र

**38.** बादल, गरजो ! घेर-घेर घोर गगन,

धाराधर ओ !

(A) आसमान

(B) नीला

(C) पवन

(D) जलद

**39.** फसल क्या है ?

लाख-लाख कोटि-कोटि हाथों के स्पर्श की गरिमा :

(A) शत-शत

(B) करोड़ों

(C) हजारों

(D) असंख्य

**40.** किस दावानल की ज्वालाएँ हैं दीखीं ? कोकिल बोलो तो !

(A) युद्ध की आग

(B) समुद्र की आग

(C) पेट की आग

(D) जंगल की आग

**निर्देश (प्रश्न संख्या 41 से 45 तक) :** निम्नलिखित तद्भव शब्दों के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त तत्सम शब्द वाले विकल्प को चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**41.** चना

(A) चक्र

(B) चणक

(C) चर्वण

(D) चांच

**42.** खेत

(A) क्षेत्र

(B) क्षोदन

(C) क्षेत्रि

(D) खेत

**43.** काढ़ा

(A) काश्ता

(B) काष्ठा

(C) क्वाथ

(D) कटुक

**44.** अँगूठा

(A) अंगुष्ट

(B) अनुत्थ

(C) अंगुष्ठ

(D) आर्द्रक

**45.** पापड़

(A) प्रापण

(B) पिष्ठिका

(C) पिषण

(D) पर्पट

**निर्देश (प्रश्न संख्या 46 से 50 तक) :** निम्नलिखित वाक्य या वाक्यांशों के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करके उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए ।

**46.** घृणा किये जाने योग्य

(A) घृणित

(B) निंदनीय

(C) घृण्य

(D) घृणज

**47.** किसी को जीतने की चाह

(A) जिजीविषु

(B) जिगीषु

(C) जिजीविषा

(D) जिगीषा

**48.** इंद्रियों को वश में रखने वाला

(A) इंद्रियजित

(B) इंद्रजीत

(C) इंद्रियानिग्रह

(D) इंद्रियातीत

**49.** जल में विचरने वाले जीव

(A) जलद

(B) जलचर

(C) जलज

(D) जलकर

**50.** जिसे मोक्ष की कामना हो

(A) मुमुक्षू

(B) मुमूर्षा

(C) मुमुक्षु

(D) मुमूर्षु

## रफ़ कार्य के लिए स्थान

रफ़ कार्य के लिए स्थान